**भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 12 सितम्बर, 2023 को हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण " का आयोजन किया गया**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में " **हिन्दी चेतना मास समारोह** " का आयोजन 1 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2023 तक किया जा रहा है। इसी सदर्भ में "**हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण** " का आयोजन 12 सितम्बर, 2023 को ब्यूरो के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया।

ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने ब्यूरो के सभी कर्मचारियों को **हिंदी चेतना मास समारोह** के आयोजन पर बधाई दी और इसके आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की। निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सभी कर्मचारियों को संविधान के कार्यपालन के लिए राजभाषा में कार्य करना चाहिए और राजभाषा में किये गए कार्यों पर गर्व करना चाहिए। ब्यूरो के निदेशक महोदय ने सभी कर्मचारियों से आहवान किया कि वे जिस क्षेत्र में भी कार्य करें उसमें अपना शत प्रतिशत प्रयास एवं कोशिश करें, इस प्रकार के कार्य करने से व्यक्तिगत विकास भी होता है।

तदोपरांत हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया, जिसमें ब्यूरो के वैज्ञानिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। डॉ. टी. वेंकटेशन, विभागाध्यक्ष, जीनोमिक संसाधन विभाग; डॉ. कोल्ला श्रीदेवी, नेशनल फैलो और प्रधान वैज्ञानिक, जननद्रव्य संग्रहण एवं लक्षणीकरण विभाग; डॉ. बी. एस. गोटयाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, जीनोमिक संसाधन विभाग; डॉ. के. जे. डेविड, वरिष्ठ वैज्ञानिक, जननद्रव्य संग्रहण एवं लक्षणीकरण विभाग; डॉ. आर. आर. रचना, वैज्ञानिक, जननद्रव्य संग्रहण एवं लक्षणीकरण विभाग; डॉ. ओमप्रकाश नाविक, वैज्ञानिक, जननद्रव्य संग्रहण एवं लक्षणीकरण विभाग और शोध विद्यार्थी, सुश्री कृति अर्पणा मिंज ने वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में ब्यूरो के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक और वित्त वर्ग के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस वैज्ञानिक संगोष्ठी का समापन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ।

**"हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण" के आयोजन के दौरान लिए गए कुछ फोटो -**















**"हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण" का आयोजन**















**"हिन्दी में वैज्ञानिक आलेख प्रस्तुतीकरण" का आयोजन**